कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,

इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 1070 /FP/UK/ROAD/40805/2019 :देहरादूनःदिनांकः 26 अक्टूबर, 2021

सेवा में,

श्री प्रवीण कुमार,
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमांऊ वृत्त,
अल्मोड़ा।

विषयः–जनपद–पिथौरागढ़ के अन्तर्गत चण्डाक से धारी तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.911 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून के ई0डी0एस0 दिनांक 17.03.2021।

महोदय,

भारत सरकार के उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा भारत सरकार ने 11 बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या मांगी गयी है। जिसके कम में आपके द्वारा सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है, सूचना अपूर्ण है। बिन्दु संख्या 03, 04, 05 एवं 10 का निराकरण पूर्ण रूप से नहीं किया गया है। अपूर्ण सूचना भारत सरकार को प्रेषित किया जाना सम्भव नहीं हैं।

कृपया भारत सरकार के उक्त सन्दर्भित पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं की बिन्दुवार सूचना/आख्या मूल प्रति में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/ प्रस्तावक विभाग से प्राप्त कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु भारत सरकार को लिखा जा सके।

भवदीय,

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी

संख्या :– 1070/ FP/UK/ROAD/40805/2019 दिनांकित।

प्रतिलिपिः–प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त प्रकरण में भारत सरकार द्वारा वांछित बिन्दुओं की सूचना प्रस्तावक विभाग से तैयार करवा कर वन संरक्षक के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी